मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-367
03/08/2021

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों का भ्रमण कर कोविड प्रोटोकॉल के पालन का लिया जायजा

पटना, 03 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज विभिन्न जिलों का भ्रमण कर कोविड प्रोटोकॉल के पालन का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने गांधी सेतु होते हुये पटना एवं वैशाली जिले से इसकी शुरूआत की और समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर एवं सारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भी जायजा लिया। अपने भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने देखा कि लोग मास्क लगाने को लेकर कितने जागरूक हैं, विभिन्न स्थलों पर सामाजिक दूरी का पालन हो रहा है अथवा नहीं।

मुख्यमंत्री ने वैशाली जिले में कोविड प्रोटोकॉल के पालन का जायजा लेने के पश्चात मुसरीघरारी होते हुए समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, पूसा होते हुए रेवा घाट पहुॅचे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री छपरा के गरखा, दरियापुर, सोनपुर होते हुए पटना वापस लौटे।

भ्रमण के दौरान शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे।

******